Regarding setting up of Kendriya Vidyalaya and Navodaya Vidyalaya

श्री संतोष पान्डेय (राजनंदगाँव): सम्मानीय सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं । सबसे पहले मैं इस देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि मेरे क्षेत्र कवर्धा में बहुत ही शानदार केंद्रीय विद्यालय 25 करोड़ रुपये की लागत से और भव्यता के साथ बनकर तैयार हो गया है । अभी सौभाग्य से माननीय केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान जी भी यहां उपस्थित है । मैं उनका आभारी हूं । इसमें उनका सहयोग रहा है ।

महोदय, मेरी जो मांग है, अब राजनंदगाँव जो लोक सभा क्षेत्र है, वह चार जिलों में विभाजित हो गया है । मानपुर-मोहला चौकी में एक केंद्रीय विद्यालय और एक नवोदय विद्यालय की स्थापना की जरुरत है । साथ ही साथ एक जो दूसरा जिला बना है, खैरागढ़ में भी केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय की सख्त आवश्यकता है । दोनों संवेदनशील क्षेत्र है और आदिवासियों से भरा हुआ क्षेत्र है । ऐसे लोगों को लाभ मिले, मैं चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी यहां उपस्थित है, वह इसकी अनुमति प्रदान करेंगे और हमारे कवर्धा का उद्घाटन भी करेंगे । यही मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं ।